# शिक्षक पढ़ेंगे साइबर सुरक्षा का पाठ

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के शिक्षक सप्ताह भर तक साइबर सुरक्षा और डिजिटल परिवर्तन का पाठ पढ़ेंगे। इसके लिए आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सोमवार को शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने डिजिटल परिवर्तन पर विशेष व्याख्यान दिए। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों के महत्व पर जोर दिया।

वहीं, सी-डीएसी पटना के निदेशक आदित्य कुमार सिन्हा ने देशभर के शिक्षकों से प्रशिक्षण लेने के लिए आह्वान किया। मा.सि.रि.